बिहार सरकार
कला एवं संस्कृति विभाग

ज्ञाप संख्याः–3पुरा0 / यो01–11 / 2007.............. /   पटना, दिनांक

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0)
बिहार, पटना।

विषयः– राज्य सरकार द्वारा सुरक्षित घोषित स्मारक गोलघर के बाहरी सतहों की रसायनिक विधि से साफ–सफाई और जल विकर्षक कार्य हेतु कुल ₹ 20,37,100/– (बीस लाख सैंतीस हजार एक सौ रूपये) मात्र के प्रशासनिक स्वीकृति।

आदेशः– स्वीकृत।

2. व्यय का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में मांग संख्या–08 के अधीन बजट शीर्ष 2205–कला एवं संस्कृति–103–पुरातत्व विज्ञान–0101–पुरातत्व निदेशालय, विपत्र कोड 08–2205001030101 के अन्तर्गत विषय शीर्ष 2702–अनुरक्षण एवं मरम्मत मद में उपबंधित बजट राशि से होगा।
3. राशि की निकासी अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जाएगी।
4. सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के योजना से संबंधित पी0एल0/पी0डी0 खाता में राशि अंतरण किया जाएगा। भवन निर्माण विभाग इसका कार्यकारी अभिकरण होगा, जिनके द्वारा प्रशासनिक स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरुप कार्य सम्पादन के उपरान्त कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को कार्यान्वियन प्रतिवेदन समर्पित किया जाएगा।
5. गोलघर के रसायनिक सफाई का कार्य रसायन अभियंता और वरीय रसायनज्ञ के देखरेख में किया जाएगा।
6. यह स्वीकृतिं वित्त विभाग के परिपत्र संख्या– 2561, दिनांक 17.04.1998 एवं संकल्प संख्या– 12888, दिनांक 03.12.2024 के निहित प्रावधान के आलोक में दी गई है।
7. राशि की स्वीकृति पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– 3पुरा0/यो01–11/2007 के क्रमशः पृ0–165/ टि0 तथा पृ0–166/टि0 पर प्राप्त है।
8. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–7355 वि0(2), दिनांक–05.10.2007 के आलोक में राशि की निकासी हेतु महालेखाकार से प्राधिकार–पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।
9. यह स्कीम की प्रशासनिक स्वीकृति मात्र है। व्यय एवं आवंटन का आदेश अलग से निर्गत किया जाएगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
(कृष्ण कुमार)
निदेशक, पुरातत्व, बिहार।

ज्ञापांक :......................... /   पटना, दिनांक

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
निदेशक, पुरातत्व, बिहार।

ज्ञापांक : 796 / पटना, दिनांक 05/03/2026

प्रतिलिपिः– सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, पटना/आंतरिक वितीय सलाहकार/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/प्रशाखा पदा0 5/लेखा शाखा/बजट शाखा/आई0टी0 प्रबंधक (विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु), कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, पुरातत्व, बिहार।

PA. 93